# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा– प्रथम)
# मध्य प्रदेश, ग्वालियर

क्रमांक/कल्याण शाखा/ कैटींन/ जावक–12 दिनांकः–21.6.2022

<u>कार्यालय कैटींन ठेका हेतु निविदा आमंत्रण</u>

'आडिट भवन' परिसर में स्थित कार्यालय कैटींन एक वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध पर संचालित करने हेतु दरें आमंत्रित की जाती हे। इच्छुक निविदादाता कार्यालय से कार्यदिवस को प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य रूपये 100/– भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्ति उपरान्त पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 6.7.2022 को सायं 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/स्वयं द्वारा जमा कर सकते है । निविदा विस्तृत विवरण कार्यालय की वेव साईट एवं सी.पी.पी.पोर्टल पर देखी जा सकती है ।

हस्ता/–
वरि.लेखा परीक्षा अधिकारी
कल्याण शाखा

# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा– प्रथम)
# मध्य प्रदश, ग्वालियर

कार्यालय कैटींन का ठेका हेतु निविदा आमंत्रण दिनांक 6.7.2022 सायं 5.00 बजे तक

निविदा फार्म

मुझे आडिट भवन परिसर के कार्यालय कैटींन के संचालक हेतु ठेके की शर्ते मान्य है । सफल निविदा प्राप्त होने पर अनुबंध करने से पूर्व अविलम्ब संरक्षा निधि रूप्ये 10,000/– (रूप्ये दस हजार मात्र) उप. महालेखाकार, ए.एम.जी–V/ प्रशासन, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा–प्रथम), मध्य प्रदेश ग्वालियर के नाम से एफ.डी.आर बनाकर जमा कर दूँगा । कार्यालय कैटींन में बनने वाली समस्त खाद्य सामग्री से संबंधित शिकायत के लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा । इस संबंध में अनुबंध के अर्न्तगत प्रशासन द्वारा दिये जाने वाले प्रत्येक दण्ड मान्य होगा ।

संलग्नः– बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक

हस्ताक्षर निविदाकर्त्ता

नामः–
पूरा स्थाई पताः–

आधार कार्ड की प्रति

मोबाईल नम्बरः–

गवाह के हस्ताक्षर

नामः–
पूरा स्थाई पताः–

आधार कार्ड की प्रति

मोबाईल नम्बरः–

# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा– प्रथम)
# मध्य प्रदेश, ग्वालियर

## कार्यालय कैटींन का ठेका हेतु निविदा आमत्रंण

कार्यालय 'आडिट भवन' परिसर में स्थित कार्यालय कैटींन के संचालन हेतु दिनांक 15.7.2022 से एक वर्ष के लिये ठेका देना चाहता है जिसके लिये इच्छुक व्यक्तियों से सील बन्द दरे निर्धारित निविदा फार्म में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/स्वयं द्वारा श्री जितेन्द्र तिवारी, उप. महालेखाकार, ए.एम.जी–V/ प्रशासन, के नाम से दिनांक 6.7.2022 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाये स्वीकार नही कि जावेगी । प्राप्त उक्त निविदायें दिनांक 8.7.2022 को सायं 4.00 बजे खोली जावेगी । निविदा के साथं बयाना राशि के रूप में रूपये 10,000/– (दस हजार मात्र) का किसी भी अधिसूचित बैक का बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक जो कि कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा–प्रथम) म.प्र, ग्वालियर के नाम देय होगा । बिना बयाना राशि के प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा ।

निविदा/ठेके की शर्ते

1. कैटींन का ठेका एक वर्ष की समय अवधि का होगा, जिसकी गणना 15.7.2022 से 14.7.2023 तक की जावेगी । यदि ठेकेदार द्वारा कैटींन नही चलाना हो तो इस कार्यालय को एक माह पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा ।
2. निविदाकर्त्ता द्वारा किसी शासकीय/सहकारी संस्था में कैटींन सफलता पूर्वक चला रहें हो/चलाई हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें ) । वे ही इस निविदा में भाग लेने के पात्र होगें ।
3. सफल निविदाकर्त्ता को अनुबंध करने से पूर्व अविलंम्भ सुरक्षा निधि रूप्ये 10,000/– (दस हजार मात्र) प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा–प्रथम), मध्य प्रदेश ग्वालियर के नाम से एफ.डी.आर बनाकर जमा करना अनिवार्य होगा ।
4. कैटींन के लिये फर्नीचर, स्थान, पानी, एवं विद्युत इस कार्यालय द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जावेगी । विद्युत हीटर का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है।
5. कैटींन के लिये बर्तन,क्रॉकरी एवं मजदूर आदि की व्यवस्था कैटीन संचालक की होगी । कैटींन की साफ–सफाई की व्यवस्था प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालक द्वारा कराया जाना आवश्यक है।
6. निविदा में दर्शाई गई दरें एवं वजन के अनुसार ही खाद्य सामग्री( खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ) विकय किया जावेगा । कार्यालय द्वारा गठित समिति समय–समय पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की समीक्षा करेगी । गठित समिति सामग्री की दरों की समीक्षा कर उसे पुनरीक्षित कर सकती है । निर्धारित दरों की सूची कैटीन में लगाया जाना अनिवार्य है।
7. कार्यालय द्वारा जनहित में कभी भी किसा भी समय सात दिवस का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है । सेवा एवं खाद्य सामग्री ( खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ) की गुणवत्ता संन्तोषजनक उपलब्ध कराई जाना आवश्यक है ।
8. कैटींन प्रातः 9 बजे से सायं 6.00 बजे तक खुली रहेगी । विशेष परिस्थितियों में कैटींन देर तक खुली रखने के लिये कल्याण शाखा से स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा । अवकाशकालीन दिवस में कैटींन खेलने के लिये सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी ।
9. कैटींन के मुख्य द्वार पर लगने वाले ताले की चाबी, कार्यालय के केयर टेकर के पास जमा कराई जावेगी, ताकी किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से बचाव किया जा सके ।

10. निविदा में दर्शाई गई अतिरिक्त खाद्य सामग्री (कार्यालय द्वारा निर्धारित सामग्री छोडकर) दी गई दरों (प्रिंट दर) पर विक्रय कर सकते है ।
11. कैटींन के संचालन के समय होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना आदि की जिम्मेदारी कैटींन संचालक की होगी ।
12. कैटींन संचालक ठेके मिलने के उपरान्त अपने स्थान पर अन्य किसी को कैटीन संचालन हेतु नही दे सकते हे । पाये जाने पर तत्काल ठेका समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी ।
13. कैटींन संचालक को ठेके मिलने के उपरान्त तुरन्त ही कैटींन में कार्य करने वाले कर्मचारियों की सूची, फोटा एवं आई.डी कल्याण शाखा में जमा कराना होगी ।
14. कैटींन के अन्दर विक्रित सामग्री की दरों की सूची सुझाव पेटीका आवश्यक रूप से लगानी होगी ।
15. कैटींन में मूल्य सूची का बोर्ड (मात्रा एवं वजन सहित) तुरन्त लगाना होगा ।
16. बिना सूचाना के कैटींन को बन्द नही रखा जावेगा ।
17. कैटींन का ठेका एक वर्ष के लिये होगा तथा इसें बढाने/निरस्त करने तथा किसी भी तरह के विवाद में निर्णय करने का अधिकार उप. महालेखाकार, ए.एम.जी–V/ प्रशासन को रहेगा व उनका निर्णय ही मान्य होगा ।

हस्ता/–
वरि.लेखा परीक्षा अधिकारी
कल्याण शाखा

रेट लिस्ट

| क | खाद्य सामग्री का विवरण | मत्रा | दर रूपये |
|---|---|---|---|
| 1 | समोसा (60 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति नग | |
| 2 | कचौडी (60 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति नग | |
| 3 | बेढई (60 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति नग | |
| 4 | ब्रेड पकौडा (60 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति नग | |
| 5 | मिक्स पकोडी (100 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति प्लेट | |
| 6 | आलु बडा (60 ग्राम सब्जी चटनी सहित) | प्रति नग | |
| 7 | चाय स्पेशल (70 मिली) | प्रति कप | |
| 8 | चाय स्पेशल (50 मिली) | प्रति कप | |
| 9 | काफी बडा कप (70 मिली) | प्रति कप | |
| 10 | गुलाब जामुन (50 ग्राम ) | प्रति नग | |
| 11 | रस गुल्ला (50 ग्राम ) | प्रति नग | |
| 12 | मठरी (100 ग्राम ) | प्रति प्लेट | |
| 13 | सेव नमकीन (100 ग्राम ) | प्रति प्लेट | |
| 14 | छोले बटुरे (2 बटुरे, छोले,सलाद सहित ) | प्रति प्लेट | |
| 15 | मसाला डोसा (सांभर, चटनी सहित ) | प्रति नग | |
| 16 | इडली (सांभर, चटनी सहित ) दो नग | प्रति प्लेट | |
| 17 | आलु परांठा ( सब्जी एवं अचार सहित) एक नग | प्रति नग | |
| 18 | पोहा | प्रति प्लेट | |
| 19 | दही बडा (चटनी सहित ) दो नग | प्रति प्लेट | |
| 20 | जलेबी (100 ग्राम ) | प्रति प्लेट | |
| 21 | खोवा गुजिया (एक नग ) | प्रति नग | |
| 22 | ठण्डी दही लस्सी गिलास | प्रति नग | |
| 23 | खाने की थाली (दाल,चावल,सूखी सब्जी,4 रोटी,अचार,सलाद, पापड) | प्रति प्लेट | |
| 24 | अन्य सामग्री (उपरोक्त के अतिरिक्त) | | |

हस्ता/–
वरि.लेखा परीक्षा अधिकारी
कल्याण शाखा